आयुष्मानकार्ड का प्रोग्रेस बढ़ाने के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की ली गई निगम सभागार में बैठक, शहर के प्रत्येक व्यक्ति का आयुष्मान कार्ड बनाने निगम की बड़ी मुहिम

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत घर-घर जाकर आयुष्मानकार्ड बनाया जा रहा है। इस कार्य में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को भी जिम्मेदारी दी गई है। प्रोग्रेस को बढ़ाने को लेकर आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की बैठक ली गई। उन्हें लक्ष्य के अनुरूप प्रत्येक घरों में जाकर टारगेट पूरा करने बैठक में कहा गया। पूर्व में बनाए गए आयुष्मान कार्ड की भी समीक्षा की गई तथा प्रगति में इजाफा करने कहा गया। गौरतलब है कि कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा एवं निगमायुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर हर घर जाकर प्रत्येक व्यक्ति का आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। आयुष्मान कार्ड बनाने के दौरान सर्वे के समय वार्ड का नाम , वार्ड क्रमांक, कितने घरों का सर्वे किया गया , कितना आयुष्मान कार्ड बनाया गया , व्यक्ति का आधार कार्ड अपडेट है कि नहीं की जानकारी, राशन कार्ड बना है या नहीं इसकी जानकारी, आधार कार्ड पूर्व में बना हुआ है कि नहीं , परिवार में किसी सदस्य की मृत्यु तो नहीं हुई है , परिवार का सदस्य काम के तलाश में या किसी कारणवश शहर से बाहर रहता है यह सब जानकारी जुटाई जा रही है और इसका रिकॉर्ड रखा जा रहा है ताकि इस आधार पर डाटा सुरक्षित रखा जा सके तथा इस मुताबिक आगे की कार्यवाही की जा सके। आज की बैठक में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के द्वारा सर्वे के दौरान आई कठिनाइयों के बारे में भी जानकारी ली गई तथा तकनीकी खामियों को दूर करने के लिए तरीके बताए गए। जिनका आधार अपडेशन नहीं हुआ है उनके आधार अपडेशन के लिए निगम के मुख्य कार्यालय के साथ ही जोन कार्यालय नेहरू नगर , जोन कार्यालय वैशाली नगर, जोन कार्यालय मदर टैरेसा नगर , जोन कार्यालय खुर्सीपार तथा जोन कार्यालय सेक्टर 6 के निगम कार्यालय से आधार कार्ड अपडेट करा जा सकता है यही नहीं सभी जोन कार्यालय से राशन कार्ड भी बनवाए जा सकता है। नगर पालिक निगम भिलाई की अपील है कि हर व्यक्ति अपना आयुष्मान कार्ड बनवा लें और आयुष्मान भारत योजना का लाभ ले। आज की बैठक में नोडल अधिकारी प्रीति सिंह, पीआरओ पी सी सार्वा व मिशन मैनेजर अमन पटले आदि मौजूद रहे।